भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं.2036**

जिसका उत्तर 09.12.2021 को दिया जाना है

**मुजफ्फरपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-77 पर बाई-पास**

2036. श्री सुनील कुमार पिन्टू:
क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि मुजफ्फरपुर में हाजीपुर से सोनबरसा तक प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग-77 परियोजना पर बाई-पास सड़क कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

मुजफ्फरपुर बाईपास एनएच-22 (पुराना एनएच-77) के हाजीपुर-मुजफ्फरपुर खंड का हिस्सा है। मुजफ्फरपुर बाईपास का निर्माण जून 2020 में फिर से लंबे समय से लंबित भूमि अधिग्रहण मुद्दों का समाधान करने के बाद शुरू किया गया है जिसके दिसंबर, 2022 तक पूरी होने की संभावना है।

*****